राजस्थान सरकार
स्वायत्त शासन विभाग राज. जयपुर

जी–3 राजमहल रेजीडेन्सी एरिया, सिविल लाईन्स फाटक सी–स्कीम, जयपुर।

Telex : 0141-2993119 Email ID : irgyurban.lsg@rajasthan.gov.in Website :www.irgyurban.rajasthan.gov.in

क्रमांक : एफ. 56(क)()सीई / डीएलबी / IRGY(U)/2022–23 / 3640-3672   दिनांकः 08/03/2023

जिला कलक्टर
एवं जिला परियोजना समन्वयक (IRGY-U)
समस्त, राजस्थान।

विषयः–इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजनान्तर्गत नवीन सौन्दर्यीकरण कार्यों की प्रस्तुतीकरण (PPT) संलग्न प्रारूप में भिजवाये जाने के सम्बन्ध में।

प्रसंगः–विभागीय समसंख्यक पत्रांक 3368 दिनांक 02.03.2023 एवं 3118 दिनांक 01.03.2023 के क्रम में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक प्रेषित पत्रों के क्रम में निवेदन है कि दिनांक 02.03.2023 को मुख्य सचिव महोदया द्वारा इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजनान्तर्गत माह अप्रैल, 2023 में आयोजित होने वाली समीक्षात्मक बैठक के दौरान शहर के सौन्दर्यीकरण हेतु दिनांक 09.09.2022 से 31.03.2023 तक आपके जिले में विभिन्न निकायों के द्वारा पार्को का पुनर्रूद्धार, श्मशान/कब्रिस्तान का पुर्नरूद्धार, बावड़ी एवं जलाशय का पुनर्रूद्धार, पेंटिंग (शहर की मुख्य सड़क की मीडियन या रोड़ साईड दीवारों की हैरिटेज पेंटिंग इत्यादि), इंटरलॉकिंग, खेल मैदान एवं स्टेडियम का पुनर्रूद्धार एवं अन्य श्रेणी के अन्तर्गत **सम्पादित कार्यो के क्रम में आपके द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के दौरान मुख्य सचिव महोदया के समक्ष पी.पी.टी. के माध्यम से प्रस्तुतीकरण दिया जाना है।**

उपरोक्त क्रम में निर्देशानुसार शहरी सौन्दर्यीकरण योजनान्तर्गत पी.पी.टी. के माध्यम से निम्नानुसार प्रस्तुतीकरण हेतु स्लाईड तैयार कराई जावेः–

1. योजना का संक्षिप्त परिचय एवं जिले से संबन्धित निकायो के द्वारा वर्ष 2022–23 में शहरी सौन्दर्यकरण हेतु प्रस्तावित, स्वीकृत, पूर्ण एवं प्रगतिरत कार्यो का विवरण एवं योजनान्तर्गत 100 दिवस पूर्ण करवाये गये परिवारो की संख्या।
2. वर्ष 2022–23 का प्रगति विवरण एवं आगामी वित्तीय वर्ष 2023–24 की कार्ययोजना।
3. योजना में करवाये गये कार्यो की कार्य प्रारंभ होने से पूर्व एवं कार्य पूर्ण होने के पश्चात् की फोटोग्राफ्स।
4. सफलता की कहानी से संबन्धित वीडियो यथा श्रमिकों, संविदा कर्मियो जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकगणों से संबन्धित।
5. निकायवार योजनान्तर्गत श्रेणी वाईज टेन्जिबल एवं अन्य करवाये गये कार्यो के श्रेष्ट फोटोग्राफ्स की एलबम।

इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजनान्तर्गत दिनांक 09.09.2022 से 31.03.2023 तक कराये गये श्रेष्ठ टेन्जिबल एवं अन्य कार्यो के श्रेणी वाईज फोटोग्राफ्स एवं वित्तीय वर्ष 2022–23 की जिला एवं निकायों का प्रगति विवरण सहित दिनांक 10.04.2023 तक निदेशालय को ईमेल आईडीः–irgyurban.lsg@rajasthan.gov.in पर आवश्यक रूप से भिजवाया जाना सुनिश्चित करावें।

A 191

दिनांक 21.04.2023 को मुख्य सचिव महोदया द्वारा सर्वश्रेष्ठ जिलो के जिला कलक्टरों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से "सिविल सर्विस डे" पर सम्मानित किया जावेगा।

(डॉ. जोगाराम)
शासन सचिव

क्रमांकः एफ.56(क)()सीई / डीएलबी / IRGY(U)/2022–23 / 3673-3682 दिनांकः 08/02/2023

प्रतिलिपीः–

1. निजी सचिव, शासन सचिव, स्वायत्त शासन विभाग, जयपुर, राजस्थान।
2. परियोजना निदेशक (IRGY-U), स्वायत्त शासन विभाग, जयपुर, राजस्थान।
3. उपनिदेशक क्षेत्रीय, स्थानीय निकाय विभाग, समस्त राजस्थान को भेजकर निर्देशित किया जाता है कि जिला कलक्टर एवं जिला परियोजना समन्वयक से समन्वय स्थापित कर संबन्धित नगरीय निकायो से पी.पी.टी. एवं वीडियो से संबन्धित दस्तावेज उपलब्ध करावें।
4. सुरक्षित पत्रावली।

(हृदेश कुमार शर्मा)
निदेशक एवं विशिष्ट सचिव

A 192